# दिनांक 19 सितम्बर से 22 सितम्बर 2017 तक जनपद भदोही की भ्रमण आख्या

मिशन निदेशक महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 19 सितम्बर से 22 सितम्बर 2017, जनपद भदोही में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु भ्रमण किया गया। भ्रमण टीम में डा0ताबिन्दा ख्वाजा, उपमहाप्रबंधक, नियोजन, डा0 अनीता कुमारी, सलाहाकार, कम्युनिटी प्रोसेस द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त डी0पी0एम0यू0 के अधिकारियों द्वारा भी उक्त भ्रमण में सहयोग प्रदान किया गया।

## दिनांक 19.02.2017 जिला चिकित्सालय (FRU)

- जिला चिकित्सालय में 19 चिकित्सक तैनात है।
- जिला चिकित्सालय में भ्रमण के दौरान लगभग 2.00 PM पर OPD में रोगियों की भीड़ थी।
- जिला चिकित्सालय के अभिलेखों का परीक्षण किया जिससे ज्ञात हुआ कि जिला चिकित्सालय के प्रसव कक्ष में प्रसव सम्बन्धी प्रपत्र जैसे–लाभार्थियों की केशशीट जे0एस0वाई फार्म, HRP की सूची का रखरखाव उचित प्रकार से नही किया जा रहा है।
- चिकित्सालय में बायोमडिकल वेस्ट डिस्पोजल का रखरखाव भी उचित प्रकार से नही किया जा रहा था तथा इसके कोई लॉगबुक दिखायी नही गयी।
- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में समस्त औषधि उपलब्ध है।
- रोगी कल्याण समिति का रजिस्टर उपलब्ध था परन्तु अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रोगी कल्याण समिति का बैठक प्रत्येक माह नही की जा रही है।
- एन0आर0सी0 में 5 अतिकुपोषित बच्चें भर्ती थे उनके परिजनों से पूछने पर बताया की उन्हे सारी सुविधायें नियमित रूप से दी जा रही है एवं बच्चों की स्थिति में सुधार भी आ रहा है।
- एन0आर0सी0के रसोई घर में साफ सफाई थी।
- 102 और 108 का रजिस्टर ड्राईवर द्वारा विधीवत नही भरा जा रहा था जिसमें जिन लाभार्थियों को लाया जा रहा है या छोड़ा जा रहा है, उनका मोबाइल नं0 रजिस्टर में नही लिखा जा रहा है तथा चिकित्सालय स्तर पर 102 और 108 की लॉग बुक नही भरी जा रही थी।
- प्रसव कक्ष में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही थी, बायोमडिकल वेस्ट प्रबन्धन की जानकारी स्टाफनर्स को नही थी।
- ब्लड बैंक में स्टॉक रजिस्टर, टी.टी.आई. रजिस्टर, ब्लड ग्रुप रजिस्टर उपलब्ध थे। expeiry रजिस्टर उपलब्ध नही था। भमण के दौरान पाया गया कि 8 यूनिट ब्लड की expeiry दो दिनों के अन्दर थी।
- जिला चिकित्सालय का बहिखातों से सम्बन्धित अभिलेख जैसे–कैशबुक, अधुनान्त नही थे, जिसे भ्रमण के दौरान ही अधुनांत कराया गया।
- जिला चिकित्सालय के पी.पी.सी. का भ्रमण किया जिसमें टीकाकरण सम्बन्धित जानकारी ली गयी स्टॉफ नर्स द्वारा बताया गया कि टी.टी., पोलियों, मिजिल्स, डी.पी.टी.,हेपेटाइटिस बी, बी.सी.जी के टीके लगाये जाते, परन्तु उसका रखरखाव अच्छें से नही किया जा रहा है। सीरिंज जमीन पर फेके जा रहे थे। जिसे नियमानुसार रखनें के लिए कहॉ गया। टीकाकरण पंजिका अपूर्ण थी। लाभार्थियों की पंजिकरण संख्या और फोन नं0 अंकित नही थे।

## दिनांक 20.02.2017 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भदोही

- जे.एस.वाई लाभार्थियों की केस शीट का रखरखाव उचित प्रकार से नही किया जा रहा था। इस सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य स्टॉफ को सलाह दी गयी।

- आटोक्लेव खराब था।
- प्रसव कक्ष में एक भी रिकार्ड उपलब्ध नही है और प्रसव रजिस्टर विधीवत नही भरा जा रहा है।
- प्रोटोकॉल पोस्टर नही लगे थे जिसे शीघ्र ही लगवानें का आश्वासन दिया गया।
- चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नही थी।
- जे0एस0एस0के0 के लाभार्थियों से सम्बन्धित डाइट रजिस्टर उपलब्ध नही कराया गया।
- चिकित्सालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 की रोगी कल्याण समिति की बैठक का रजिस्टर नही दिखाया। वित्तीय वर्ष 2017–18 का रोगी कल्याण समिति का रजिस्टर उपलब्ध था परन्तु बैठक प्रतिमाह नही की जा रही है। रोगी कल्याण समिति के रजिस्टर का रखरखाव सही नही है। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रोगी कल्याण समिति में बजट उपलब्ध नही है।
- आशा शिकायत निवारण समिति का रजिस्टर ब्लॉक पर उपलब्ध था, जिसकी बैठक प्रत्येक माह की जा रही थी, परन्तु रजिस्टर मे शिकायतों का अद्ययतन प्रत्येक माह नही किया जा रहा है।
- आशा शिकायत निवारण समिति का दीवाल लेंखन था।
- आशा संगिनी का माह अगस्त तक भुगतान किया गया है। परन्तु चिकित्सालय पर बी.सी.पी.एम. के साथ मासिक बैठक की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही कियाा जा रहा है।
- जे0एस0वाई के अतिरिक्त अन्य किसी मद में माह जुलाई से अब तक किसी भी आशाओं को कोई भुगतान नही किया गया है। प्रभारी द्वारा बताया गया कि आशाओं का वाउचर एकत्रित कर लिया गया है, सरवर खराब होने के कारण भुगतान नही किया गया है, परन्तु अब भुगतान कर दिया जायेगा।
- वाउचर आशाओं द्वारा जमा किया जा रहा था परन्तु उसपर भरी गयी वास्तविक धनराशि को कॉट दिया जा रहा था और पेन्सिल से ओवर राइटिंग में धनराशि भरी जा रही है।
- चिकित्सालय में कलस्टर नही बना हुआ है, परन्तु बी.सी.पी.एम. द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह कलस्टरवाइज बैठक की जा रही है।
- कुल आशा संगिनी 16 है जो प्रशिक्षित है।
- चिकित्सालय में 334 के सापेक्ष 270 आशायें कार्य कर रही है।
- बी.सी.पी.एम का भ्रमण की चेकलिस्ट उपलब्ध थी परन्तु कार्ययोजना उपलब्ध नही थी।

**<u>दिनांक 20.02.2017 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डीह (FRU)</u>**

- प्रसव केसों की केस शीट ठीक से नहीं भरे हुए थे। इस सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य स्टॉफ को सलाह दी गयी।
- आटोक्लेव खराब था।
- प्रसव कक्ष में एक भी रिकार्ड उपलब्ध नही है और प्रसव रजिस्टर विधीवत नही भरा जा रहा है।
- जे0एस0एस0के0 के अंतर्गत लाभार्थियों को भोजन एवं अन्य सुविधायें प्रदान नही की जा रही हैं।
- वित्तीय वर्ष 2017–18 का रोगी कल्याण समिति का रजिस्टर उपलब्ध था प्रतिमाह बैठक किया जा रहा है। रोगी कल्याण समिति के रजिस्टर का रखरखाव सही है। प्रभारी द्वारा बताया गया कि रोगी कल्याण समिति का बजट उपलब्ध नही है।
- आशा शिकायत निवारण समिति का रजिस्टर ब्लॉक पर उपलब्ध था, जिसकी बैठक प्रत्येक माह की जा रही थी, परन्तु रजिस्टर मे शिकायतों का अद्ययतन प्रत्येक माह नही किया जा रहा है।
- आशा शिकायत निवारण समिति का दीवाल लेंखन था।
- आशा संगिनी का माह अगस्त तक भुगतान किया गया है। परन्तु चिकित्सालय पर बी.सी.पी.एम. के साथ मासिक बैठक की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नही कियाा जा रहा है।

- जे0एस0वाई के अतिरिक्त अन्य मद में भी माह अगस्त तक आशाओं का भुगतान किया गया है।
- वाउचर आशाओं द्वारा जमा किया जा रहा है परन्तु उन बाउचर को विधीवत नही जाचॉ जा रहा है।
- चिकित्सालय में कलस्टर बना हुआ है, और प्रत्येक माह कलस्टरवाइज बैठक की जा रही है।
- कुल आशा संगिनी 11 है जो प्रशिक्षित है।
- चिकित्सालय में 260 के सापेक्ष 214 आशायें कार्य कर रही है।
- RBSK की दोनों टीमों से वार्ता की गयी। रिकार्ड संतोषजनक पाया गया। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि 221 स्कूलों तथा 267 ऑगनबाड़ी केन्द्रों का आच्छादन किया रहा है। वार्षिक लक्ष्य 26185 बच्चों के सापेक्ष 17450 बच्चों का परीक्षण हो चुका है तथा 411 बच्चों को सन्दर्भित किया गया है।

अरबन पी0एच0सी0 नई बाजार

- अरबन पी0एच0सी0 पर 2 चिकित्सक, 3 संविदा स्टॉफ नर्स, 1 फार्मासिस्ट, 1 एल0टी0 उपस्थित थे।
- चिकित्सक द्वारा बताया गया कि अप्रैल 2017 से सितम्बर 2017 तक 63 संस्थागत प्रसव हुये है।
- प्रसव रजिस्टर का रख–रखाव सही ढंग से नही किया जा रहा है।

महाराजा बलवंत सिंह संयुक्त चिकित्सालय

- चिकित्सालय में 16 चिकित्सक,6 संविदा स्टॉफ नर्स (संविदा), आयुष 3चिकित्सक, 2 चिकित्सक(संविदा),एल.टी. 1 (संविदा)।
- महिला चिकित्सक द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 358 प्रसव हुये है जिसमें 17 LBW, 10 HRP, केस है।
- रेफरल रजिस्टर से ज्ञात हुआ कि इस वर्ष चिकित्सालय द्वारा 6 केसों का सन्दर्भन किया गया परन्तु सन्दर्भन इकाई का नाम अंकित नही किया जा रहा है।
- 102 और 108 सम्बन्धित लॉगबुक चिकित्सालय से नही भरी जा रही है। 102 और 108 के चालक के पास जो अभिलेख उपलब्ध थे उसमें लाभार्थियों के मोबाइल नं0 अंकित नही थे। साथ ही लाभार्थियों को चिकित्सालय में किसके द्वारा प्राप्त किया गया यह भी अंकित नही था। भ्रमण टीम द्वारा कहॉ गया कि तत्काल समस्त अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखा जाये।

**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, भदोही में बी0सी0पी0एम0,बी0ए0एम0,बी0सी0पी0एम0 के साथ बैठक–**

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जनपद के समस्त बी0सी0पी0एम0 बी0ए0एम0,बी0पी0एम0 के साथ बैठक की गयी। जिसमें मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, रोगी कल्याण समिति, आशा योजना के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।
- बी0सी0पी0एम0 बी0ए0एम0,बी0पी0एम0 को बताया गया कि कि आप सभी के भ्रमण की कार्ययोजना बनी होनी चाहिए।
- मातृ स्वास्थ्य के अंतर्गत जे0एस0वाई0, जे0एस0एस0के0, एच0आर0पी0 एवं एम0डी0आर0 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।
- बैठक में कम्यूनिटि प्रोसेस गतिविधियों से सम्बन्धित समस्त चर्चा की गयी जिसमें– आशा बैठक प्लान,आशा मास्टर पेमेन्ट रजिस्टर, आशा शिकायत कार्यवृत्त रजिस्टर/रिपोर्ट फाइल, आर0के0एस0 बैठक रजिस्टर

एवं समस्त बिल बाउचर की अद्यतनस्थिति, संगिनी भुगतान भौतिक/वित्तीय रिपोर्ट फाइल, रजिस्टर, दीवार लेखन आशा इन्सेटिव एवं ब्लाकस्तरीय शिकायत समिति, आशाडेटाबेस /अपडेशन की स्थिति, आशा भुगतान मासिक/क्रमिक/औसत भुगतान की स्थिति और रजिस्टर, उपकेन्द्र /वी0एच0एस0एन0सी0 खातों की स्थिति, आशा ड्रग किट रिकार्ड फाइल, संगिनी बैठक, आशा प्रशिक्षण 6 एवं 7 माड्यूल, बी0सी0पी0एम0 भ्रमणकार्ययोजना, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस।

Khwaja
6/10/17

Dr. Tab[illegible]a Khwaja
DGM-Planning
SPMU-NHM U.P.

Anita Kumari
Consultant
CP-SPMU
NHM